**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–24.01.2025 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर, आज बोकारो में संविधान गौरव गोष्ठी में हुई शामिल।**

2. **राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रांची में किशोरी महाकुंभ का हुआ आयोजन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बेटियों के सशक्तिकरण पर दिया जोर।**

3. **पलामू में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पंचायत सशक्तिकरण कार्यशाला का किया उद्घाटन, जामताड़ा में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन, चतरा में श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया जागरूकता रथ रवाना।**

4. **निकाय चुनाव मामले में हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से दो सप्ताह में मांगा शपथ पत्र, अगली सुनवाई 7 फरवरी को।**

5. **हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का रोमांचक मुकाबला श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से जारी, पुरुष वर्ग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना वेदांत कलिंगा लांसर्स से होगा**

**समाचार विस्तार से**

***********************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आज बोकारो में भाजपा की संविधान गौरव गोष्ठी में शामिल हुईं। मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान और बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है। उन्होंने भाजपा को अंबेडकर का सच्चा सम्मानकर्ता बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की।

***********************

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बाल कल्याण संघ द्वारा ऑड्रे हाउस में आयोजित **किशोरी महाकुंभ** कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर उन्होंने **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** योजना की सराहना करते हुए बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने बाल कल्याण संघ द्वारा झारखंड में मानव तस्करी रोकने और पुनर्वास योजनाओं की प्रशंसा की और झारखंड की बेटियों को आत्मनिर्भर और निर्भीक बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

***********************

निकाय चुनाव मामले में निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर याचिका पर हाई कोर्ट में आज सुनवाई हुई जिस में कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है और पूछा है कि नवीनतम मतदाता सूची का उपयोग चुनाव में किया जा सकता है या नहीं। सुनवाई की अगली तिथि सात फरवरी को निर्धारित की गयी है।

***********************

आकाशवाणी और दूरदर्शन 26 जनवरी को कर्तव्य पथ से 76वें गणतंत्र दिवस परेड के लाइव कवरेज करेगा। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क के साथ–साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर किया जाएगा। कर्तव्य पथ पर तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने आज लाइव कवरेज के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया।

***********************

पलामू के सतबरवा प्रखंड में संसदीय कार्य और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पंचायत सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि मइयां सम्मान योजना माताओं बहनों की आराधना है। उन्होंने लिंगानुपात भेदभाव मिटाने और पलामू को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का भी आह्वान किया। साथ ही महिला जनप्रतिनिधियों से शिक्षा के सुधार में योगदान देने की अपील की।

***********************

जामताड़ा के पुराना सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय सलाह और दवा वितरण की सुविधाएं प्रदान की गईं। मौके पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है।

***********************

चतरा जिले में श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने श्रमिकों के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करेगा।

***********************

गणतंत्र दिवस को लेकर राज्यभर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रांची समेत राज्य के अन्य जिलों में भी गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया गया।

दुमका जिले के पुलिस लाइन मैदान में गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल हुआ, जिसका निरीक्षण उपायुक्त ए दोड्डे और पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने किया। रिहर्सल में सीमा सुरक्षा बल, एनसीसी और स्कॉउट गाईड की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा और ट्रैफिक की व्यापक व्यवस्था की गयी है।

*******************

झारखण्ड विधानसभा में आज नव गठित 25 समितियों के सभापति और सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने तीन वित्तीय समिति के सभापतियों से आग्रह किया की वे आगामी विधानसभा सत्र में निर्धारित बैठकों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके साथ ही मुख्य सचिव अलका तिवारी ने भी सभी पदाधिकारियों से प्राधृकृत समितियों की बैठक में ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने भी समितियों के द्वारा किये गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार के लिए राजस्व संग्रहण के लिए नए श्रोतों के आयाम की जानकारी भी आतंरिक संसाधन समिति की देंन है। इसके साथ ही सभी समिति के कार्यों और सामने आने वाली चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया।

*******************

लातेहार जिले में स्थित बेतला नेशनल पार्क में ठंड कम होने पर जैविक उद्यान से 10 काला हिरण और 300 हिरण लाए जाएंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाादाता–

*******************

महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिसा वॉरियर्स फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। फ़िलहाल जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का रोमांचक मुकाबला श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से जारी है, जबकि पुरुष वर्ग में रात सवा आठ बजे श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स और वेदांत कलिंगा लांसर्स आमने–सामने होंगे।

*************